Rajkiya Mahavidyalaya Amori(Champawat)

Email: gdcamori@gmail.com Website: www.gdcamori.in

ई0डी0पी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम –रिर्पोट–03, दिनांक 21–02–2024

व्यवसायिक उद्यमों की पहचान, बाजार सर्वेक्षण के लिए मॉडल प्रश्नावली, बाजार सर्वेक्षण

दिनांक 21–02–2024 को महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय ई0डी0पी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रम में महाविद्यालय में तृतीय दिवस ई0डी0पी0 कार्यक्रम महाविद्यालय के कान्फरेन्स हाल में प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ0 अजिता दीक्षित की उपस्थिति में प्रशिक्षु रश्मि भट्ट व आशा के द्वारा पूर्व दिवस के प्रशिक्षण का बिन्दुवार फीडबैक उत्कृष्ट संबोधन से प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष/संरक्षक प्राचार्य डॉ0 अजिता दीक्षित के द्वारा प्रशिक्षण से जुड़े अधिकारियों व प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दी गयी। मुख्य प्रशिक्षक श्री चन्द्रशेखर भट्ट के द्वारा व्यवसायिक अवसरों, बाजार सर्वे, उद्यम विकास, सफल उद्यमी बनने के गुण पर व्याख्यान के साथ माइक्रोलैब आइसब्रेकिंग जैसे गेम्स जिसमें तुलसी भट्ट प्रथम स्थान, अनीता द्वितीय व अमित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षुओं ने टावर बिल्डिंग गेम्स भी खेला और अपने आई0क्यू की पहचान की। इसके साथ ही अवसर के तलाश में क्षेत्रीय उत्पाद का एक अवसर में उद्यम के रूप में परिवर्तित करना, उत्तम गुणवत्ता के प्रति चिन्तन, कार्य के प्रति निष्ठा, योजना को मूर्त रूप देना, समस्याओं का समाधान करना, आत्मबल, स्पष्टवादिता, विश्वास कराना, प्रभाव डालना, निगरानी करना, सभी का ध्यान रखना जैसे महत्वपूर्ण विन्दुओं पर चर्चा परिचर्चा की। प्रशिक्षुओं को सफल उद्यमियों के प्रेरणात्मक वीडियो दिखाकर उद्यमी बनने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक श्री पंकज कार्की, श्री पप्पू कुमार, श्री रमेश चन्द्र पंत, श्री पंकज तिवारी द्वारा उपरोक्त महत्वपूर्ण विषयों पर युवा प्रतिभागियों के साथ चर्चा की गई। प्रशिक्षु अमित, भावना, चांदनी बोहरा, नीमा भट्ट, दीक्षा, अनीता कठायत ने प्रशिक्षको से विविध उद्यमों पर संवाद किये। प्रशिक्षण का संचालन श्री रमेश चन्द्र पन्त तथा श्री पंकज तिवारी के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के उद्यमिता विकास योजना के नोडल अधिकारी डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता के द्वारा समस्त प्रशिक्षुओं को अनुशासन, कार्यविधियों से परिचित कराया गया। श्री अतुल कुमार मिश्र उद्यमिता फैकल्टी सदस्य के द्वारा प्रशिक्षुओं से प्रश्नोत्तर संवाद किये गये तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से स्टार्टअप्स वीडियो चलाने में तकनीकी सहयोग किये। समस्त प्रशिक्षुओं व ई0डी0पी0 कार्यक्रम के प्रशिक्षकों को लन्च पैकेट उपलब्ध कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री दशरथ सिंह बोहरा, श्री महेश लाल, श्री दिनेश चन्द्र सिंह रावत, श्री विजय कुमार मौर्य ने सहयोग किया। फोटोग्राफी में प्रशिक्षु देवेन्द्र सिंह नेगी ने सहयोग किया।

डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता
नोडल अधिकारी, देवभूमि उद्यमिता योजना
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)

प्राचार्य
डॉ0 अजिता दीक्षित
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)